# पाठ 16


# हमारा देश भारत

**आइए सीखें**

- एशिया में भारत की स्थिति और विस्तार को।
- भारत के पड़ोसी देश कौन-कौन से हैं?
- भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कौन-कौन से हैं?
- भारत का भौतिक स्वरूप कैसा है और मानचित्र में उनको दर्शाना।

ऐतिहासिक दृष्टि से भारत एक प्राचीन देश है। प्राचीन काल में इसे 'भारत वर्ष' के नाम से पुकारा जाता था। भारत तीन ओर से समुद्रों से घिरा हुआ है। इसके उत्तर में एक विशाल पर्वतमाला है जिसके द्वारा यह शेष एशिया महाद्वीप से अलग हो जाता है। अत: इसका स्वतंत्र अस्तित्व है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत संसार का सांतवा बड़ा देश है। सन् 2001 में भारत की जनसंख्या एक अरब से अधिक है। यहां पर संसार की कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत भाग निवास करता है और संसार का औसतन प्रत्येक छठा व्यक्ति भारतीय है। जनसंख्या की दृष्टि से संसार में चीन के बाद भारत का दूसरा स्थान है।

## एशिया में भारत की स्थिति और विस्तार



भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिण में है। एशिया महाद्वीप में हमारे देश के कई पड़ोसी देश है। भारत के उत्तर में नेपाल, चीन और भूटान है। पूर्व दिशा में बांग्लादेश और म्यांमार हैं। पश्चिम दिशा में पाकिस्तान व अफगानिस्तान तथा दक्षिण में श्रीलंका और मालद्वीप (हिन्द महासागर) स्थित है।

भारत तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर तथा दक्षिण में हिन्द महासागर फैला हुआ है। तीन ओर से समुद्र से घिरे होने के कारण भारत को एक प्रायद्वीप कहते हैं।




**भारत : राजनैतिक**

भारत के राजनैतिक मानचित्र को ध्यान से देखिए। भारत 8°4'., उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक फैला है। इसका देशान्तरी विस्तार 68° 7' पू. देशान्तर से 97° 75' पूर्वी देशान्तर तक है। मानचिंत्र में

भारत की अक्षांशीय एवं देशान्तरीय स्थिति को दर्शाया गया है।

भारत उत्तर से दक्षिण तक 3,214 किलोमीटर क्षेत्र में तथा पूर्व से पश्चिम 2,933 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32.2 लाख वर्ग किलोमीटर है।

**भारत की मुख्य भूमि का उत्तरी छोर जम्मू कश्मीर राज्य में है तथा इसका दक्षिण छोर तमिलनाडु में कन्याकुमारी में है। लेकिन देश का दक्षिण में अंतिम छोर अंडमान निकोबार द्वीप समूह में इंदिरा पाइंट है। भारत के पश्चिम में गुजरात और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश है।**

## भारत के राज्य और केन्द्रशासित क्षेत्र

भारत के 28 राज्य व 7 केन्द्र शासित क्षेत्र है। भारत के मानचित्र में इन राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्र को ध्यान से देखिए। अपने प्रदेश के साथ पड़ोसी राज्यों के नामों की सूची बनाइए-

मेरे राज्य का नाम : _______________

पड़ोसी राज्यों के नाम हैं :

1. _______________
2. _______________
3. _______________
4. _______________
5. _______________

मानचित्र में भारत के राज्य और उसकी राजधानियाँ दी गई हैं। मानचित्र को ध्यान से देखिए और भारत के सभी राज्य और राजधानियों की तालिका अपनी कापी में बनाइए। भारत में कुल 28 राज्य हैं।

**भारत के केंद्र शासित प्रदेश**

| क्र. | केंद्र शासित क्षेत्र | राजधानी |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान निकोबार द्वीप समूह | पोर्टब्लेयर |
| 2. | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 3. | दादरा और नगर हवेली | सिलवास |
| 4. | दमन और द्वीप | दमन |
| 5. | लक्षद्वीप | कवरती |
| 6. | पांडिचेरी | पांडिचेरी |
| 7. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | दिल्ली |

उपरोक्त सभी केंद्र शासित प्रदेश को मानचित्र में ढूंढिएँ।

# भारत के उच्चावच और प्राकृतिक भू-भाग

हमारा देश बहुत बड़े भू-भाग में फैला हुआ है। यहाँ की भू-रचना सभी जगह एक समान नहीं है। कहीं उँचे पर्वत, कहीं विशाल मैदान, कहीं पठारी भूमि तो कहीं मरुस्थल फैले हुए हैं। देश में नदियां तथा उसकी सहायक नदियाँ भी हैं।

प्राकृतिक भू-भाग के आधार पर भारत को पाँच प्रमुख प्राकृतिक भागों में बांट सकते हैं, जो निम्नानुसार हैं-

1. उत्तर का पर्वतीय भाग
2. उत्तर का विशाल मैदान
3. दक्षिण का पठार
4. पश्चिमी और पूर्वी घाट
5. तटीय मैदान एवं द्वीप समूह

## 1. उत्तर का विशाल पर्वतीय भाग

भारत के उत्तर में हिमालय और कराकोरम की अनेक ऊँची पहाड़ियों का समूह है जो लंबी श्रृंखलाओं के रूप में उत्तर पश्चिम से पूर्व दिशा में फैली हुई। हिमालय पर्वत संसार की सबसे ऊँची पर्वतमालाएं हैं। यह उत्तर पश्चिम में जम्मू और कश्मीर से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक 3000 किलोमीटर पूर्वांचल में फैली हुई है। हिमालय पर्वत की तीन समानान्तर पर्वत श्रेणियां हैं-

(1) हिमाद्रि (सर्वोच्च हिमालय)


(2) हिमाचल (लघु हिमालय)

(3) शिवालिक (बाह्य हिमालय)

हिमालय पर्वत श्रेणी की चोटियाँ बर्फ से ढकी रहती है। हमारे देश में हिमालय पर्वत की सबसे ऊँची चोटी गॉडविन ऑस्टिन ($K_2$) है जिसकी ऊँचाई 8611 मीटर है। जबकि संसार की सबसे ऊंची चोटी माउन्ट एवरेस्ट नेपाल में है जिसकी ऊँचाई 8848 मीटर है। लघु मध्य हिमालय में देवदार और चीड़ के वन हैं। श्रीनगर, शिमला, नैनीताल और दार्जिलिंग प्रमुख हिल स्टेशन है। इस भाग से सिन्धु, गंगा, यमुना, सतलज एवं ब्रह्मपुत्र आदि प्रमुख नदियां निकलती हैं।

## 2. उत्तर का विशाल मैदान

हिमालय पर्वत के दक्षिण में एवं दक्षिण के पठार के उत्तर में बहुत बड़ा भू-भाग पश्चिम में पंजाब से लेकर पूर्व में असम तक फैला हुआ है। इस भाग को उत्तर का मैदान कहते हैं। यह देश का बहुत उपजाऊ भू-भाग है। इस मैदान में हिमालय से निकलने वाली सिन्ध, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र नदियां बहती हैं। गर्मी में भी यह नदियां पानी से भरी रहती है। यह उपजाऊ मैदान है इसीलिए यहाँ जनसंख्या अधिक पायी जाती है।



भारत के भौतिक विभाग के मानचित्र को ध्यान से देखिए। उत्तर के मैदान के पश्चिम में भारत का मरुस्थल है। इसे थार का मरुस्थल भी कहते हैं। यहाँ पर पानी की कमी के कारण वनस्पति बहुत कम पायी जाती है। यहां का धरातल गर्म शुष्क और रेतीला है। इस कारण इस भाग में जनसंख्या बहुत कम है।

### 3. दक्षिण का पठार

दक्षिण का पठार उत्तर के विशाल मैदान के दक्षिण में शुरू होकर भारत के दक्षिण सिरे तक त्रिकोण रूप में फैला हुआ है। उत्तर पश्चिम में अरावली की पहाड़ियां हैं। इसमें मालवा का पठार, छोटा नागपुर का पठार सम्मिलित हैं। इस पठार में नर्मदा, ताप्ती, गोदावरी, कावेरी, कृष्णा एवं महानदी बहती हैं। इस पठारी भाग में विन्ध्याचल, सतपुड़ा, अन्नामलाई और नीलगिरी की पहाड़ियां हैं। यहां पर लोहा, कोयला, अभ्रक, मैंगनीज आदि खनिज पदार्थ निकाले जाते हैं।

### 4. पश्चिमी और पूर्वी घाट

दक्कन के पठार के पश्चिम में पश्चिमी घाट है जो गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल से कन्याकुमारी तक फैले हैं। महाराष्ट्र तथा कर्नाटक में इन्हें सह्याद्रि कहते हैं। तमिलनाडु में नीलगिरि तथा केरल और तमिलनाडु के सीमा पर अन्नामलाई तथा कार्डामम पहाड़ियाँ हैं। पठार के पूर्वी सीमा पर पूर्वी घाट है जो कई हिस्सों या पहाड़ियों में विभाजित है।

### 5. तटीय मैदान एवं द्वीप समूह

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के किनारे मैदानी संकरी पट्टियां हैं जिन्हें तटीय मैदान कहते हैं। पूर्वी मैदान अधिक चौड़ा और उपजाऊ है। इस मैदान में बहने वाली नदियां- महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी है। इस भाग में जनसंख्या अधिक पायी जाती है। पश्चिमी तटीय मैदान असमतल चट्टानी और संकरा है। इस मैदान की दो प्रमुख नदियां - नर्मदा और ताप्ती है, जो अरब सागर में गिरती है।

भारत में दो द्वीप समूह भी है। ये बंगाल की खाड़ी में स्थित अंडमान निकोबार तथा अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप है।

भारत के मानचित्र को ध्यानपूर्वक देखिए तथा निम्न की सूची बनाइए-

(1) भारत के प्रमुख पर्वतों के नाम-

1 ____________ 2 ____________ 3 ____________ 4 ____________

(2) भारत की प्रमुख नदियों के नाम-

1 ____________ 2 ____________ 3 ____________ 4 ____________

(3) भारत के पठारों के नाम

1 ____________ 2 ____________ 3 ____________ 4 ____________

## अभ्यास प्रश्न

**1. लघुत्तरीय प्रश्न**

अ. भारत एशिया के किस भाग में स्थित है?

ब. भारत के उत्तर में स्थित देशों के नाम लिखिए।

स. भारत के दक्षिण में कौन सा महासागर है?

**2. दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

अ. उत्तर के विशाल मैदान की विशेषताएं बताइए

ब. भारत को कितने प्राकृतिक विभागों में बाँटा जा सकता है? सभी का नाम लिखते हुए इनमें से एक भाग का वर्णन कीजिए।

**3. सही उत्तर चुनिए-**

अ. निम्नलिखित में से दक्षिण के पठार में कौन सा पर्वत है?

(i) हिमालय (ii) पटकोई

(iii) अरावली (iv) विन्ध्याचल

ब. निम्नलिखित में से भारत के दक्षिण में कौन सा देश है।

(i) चीन (ii) बांग्लादेश

(iii) पाकिस्तान (iv) श्रीलंका

स. निम्नलिखित में भारत का राज्य कौन सा है?

(i) दिल्ली (ii) अण्डमान निकोबार

(iii) पांडिचेरी (iv) अरुणाचल

द. हमारे देश में कुल कितने प्रदेश है-

(i) 27 (ii) 29

(iii) 28 (iv) 25

य. हमारे देश में संसार की कितनी प्रतिशत जनसंख्या रहती है।

(1) 18 प्रतिशत (ii) 14 प्रतिशत

(2) 16 प्रतिशत (iv) 15 प्रतिशत

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

अ. भारत में केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या......... है।

ब. भारत का दक्षिणतम बिन्दु ......... है।

स. भारत का पूर्वी तटीय मैदान बहुत ....... है।

द. त्रिपुरा की राजधानी .......... है।

य. भारत के उत्तर पश्चिम में ........ देश है।

5. **सही जोड़ी मिलाइए-**

| क | ख |
|---|---|
| अ. मध्यप्रदेश | हैदराबाद |
| ब. उत्तरप्रदेश | शिमला |
| स. हरियाणा | भोपाल |
| द. हिमाचल प्रदेश | लखनऊ |
| य. आंध्रप्रदेश | चंडीगढ़ |

- **नीचे दिये गये भारत के मानचित्र में कुछ संकेत दिये हुए हैं उन संकेतों के पास उनके नाम लिखिए –** (i) हिमालय पर्वत, (ii) विन्ध्याचल पर्वत (iii) नीलगिरी पर्वत (iv) गंगा नदी, (v) नर्मदा नदी, (vi) मुम्बई, (vii) चैन्नई, (viii) भोपाल (ix) कर्क रेखा।

